>

Title : Need to complete construction of railway over bridge at Kasya-Deoria Road in Deoria Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री गोरख प्रसाद जायसवाल (देवरिया): महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र देवरिया सदर में पड़ने वाले विधान सभा देवरिया के कसया देवरिया सड़क पर रेलवे ओवरब्रिज का कार्य अर्धनिर्मित होकर बंद बड़ा हुआ है जिसके कारण लोगों को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है एवं इस क्रासिंग पर घंटों जाम रहता है। लोग फाटक बंद होने पर भी अपने दुपहिया वाहनों को निकालते हैं जिसके कारण कभी भी गंभीर घटना हो सकती है। अगर यह ओवरब्रिज बन जाए तो इस क्रासिंग से आने जाने में बहुत सुविधा होगी।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि लोगों की परेशानी एवं शहर की ट्रैफिक समस्या को देखते हुए उपर्युक्त ओवरब्रिज का निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया जाए।